PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**

**Tuesday, 18th May 2010, Page: 13**

**Width: 9.53 cms Height: 11.68 cms, Ref: pmin.2010-05-18.50.99**

# स्वाइन फ्लू का देसी टीका एक महीने में

99/17

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश का पहला स्वाइन फ्लू टीका लगभग एक महीने के भीतर बाजार में आ जाएगा। इस टीके को इंजेक्शन से नहीं बल्कि सूंघकर लेना होगा। इस टीके को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) पुणे ने तैयार किया है।

एसआईआई के चेयरमैन साइरस एस.पूनावाला ने बताया कि टीका तैयार है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि लगभग एक माह के भीतर यह टीका बाजार में आ जाएगा। सफल परीक्षण के बाद कंपनी इसी हफ्ते भारतीय औषध महानियंत्रक के पास आवेदन करेगी। पूनावाला ने बताया कि सूंघकर लिया जाने वाला यह एच1एन1 टीका अब पूरी तरह तैयार है और यह इंजेक्शन के जरिये लगाए जाने वाले टीके की तरह ही पूरी तरह सुरक्षित है।

सीधे सूंघकर लेने के कारण यह टीका खासतौर पर बच्चों के लिए बेहद सुविधाजनक होगा। इसके अलावा इसके लेने के बाद बुखार, सूजन आदि जैसे कोई साइड इफैक्ट से भी छुटकारा मिल जाएगा। इस टीके का पहला मानव परीक्षण 16 जनवरी से नौ फरवरी तक 18-49 आयुवर्ग के स्वस्थ लोगों पर अहमदाबाद में किया गया था। परीक्षण के सफल परिणामों के बाद दूसरा मानव परीक्षण पुणे दिल्ली और अहमदाबाद में एक साथ तीन से 17-18 से और 49 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के बड़े समूह पर 40-45 दिन तक किया गया था।

▶ टीके को इंजेक्शन से नहीं बल्कि सूंघकर लेना होगा

इस टीके को तैयार करने वाले विशेषज्ञों के दल के निदेशक डा. राजीव ढेरे ने कहा कि इस टीके को तैयार करने के लिए सीड विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। गौरतलब है कि गत वर्ष विश्वभर में स्वाइन फ्लू के तेजी से फैलने और कई देशों को एक साथ अपनी चपेट में ले लेने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एच1एन1 का टीका तैयार करवानें के लिए भारत समेत कई देशों की टीका निर्माता कंपनियों का सीड उपलब्ध करवाया था।

Swine flu